मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

एफ क्रमांक सी/3-12/87/3/1 भोपाल, दिनांक 29 जुलाई, 1987

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश।

विषय:- पदक्रम सूची।

संदर्भ:- इस विभाग के ज्ञापन क्रमांक 133/1600/1(111)62 दिनांक 18 जनवरी, 1964 एवं क्रमांक 2071/135/1(3)70 दिनांक 24 अक्टूबर, 1970.

संदर्भित ज्ञापनों द्वारा यह निर्देश प्रसारित किए गए थे कि सभी सेवाओं की पदक्रम सूचियां प्रत्येक वर्ष के अप्रैल माह में आवश्यकतानुसार संशोधित कर प्रकाशित की जाना चाहिए। शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि कई विभाग उनके अधीन आने वाली सेवाओं की पदक्रम सूचियां उपर्युक्त ज्ञापनों में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार प्रकाशित नहीं करते, फलस्वरूप ऐसी सेवाओं के संबंधित पदों से पदोन्नति की कार्यवाही में कई उलझनें उत्पन्न होती हैं। अतः आपसे निवेदन है कि कृपया आपके अधीन आने वाली समस्त सेवाओं की पदक्रम सूचियां प्रत्येक वर्ष के अप्रैल माह में अनिवार्यतः प्रकाशित करायें।

(के०एन० श्रीवास्तव)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमशः2...